हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

रोहतक, बुधवार 3 जून 2026

12 अवैध कॉलोनियों का जंजालः रजिस्ट्री के...



12 घर-घर जाकर सर्वे करेंगे बीएलओ, अपात्र...



## खबर संक्षेप

### 9.38 ग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर व सप्लायर काबू

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गांव जलालपुर द्वितीय से पत्थरगढ़ जाने वाली सड़क पर टी प्वाइंट के नजदीक एक नशा तस्कर को 9.38 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पूछताछ में उसने अपनी पहचान उस्मान पुत्र अफसर अली निवासी रानी महल काबूली बाग कॉलोनी हाल बबैल रोड मनमोहन नगर के रूप में बताई। आरोपी की निशानदेही पर नशा सप्लायर शाहिद को सनौली बाइपास पर कुराड़ के नजदीक सत्संग भवन के पास से गिरफ्तार किया।

### होटल में जुआ खेल रहे चार युवक गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने सनौली रोड स्थित नीलकंठ गेस्ट हाउस के कमरे में जूआ खेल रहे 4 युवकों को काबू किया। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त ताश के पत्ते व दाव पर लगी 36 हजार 600 रुपये की नकदी बरामद हुई है। आरोपियों ने अपनी पहचान राकेश पुत्र दिनेश निवासी धूप सिंह नगर, सोनू पुत्र राजेंद्र निवासी अशोक विहार कॉलोनी, नवजीश पुत्र सलीम निवासी बबैल रोड व जोगराज पुत्र हरद्वारी लाल निवासी देशराज कॉलोनी के रूप में हुई।

### विवाहिता ने लगाए दहेज प्रताड़ना के आरोप

**तरावड़ी।** क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने तथा घर से निकालने के आरोप लगाए हैं। महिला ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि पति के विदेश जाने के बाद उसके ससुर ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और गलत नीयत से परेशान किया। पीड़िता के अनुसार वर्ष 2018 में उसका विवाह हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगा।

# 12 सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी में शुरू होगी पढ़ाई, ये स्कूल सीएम ईईई योजना में शामिल

प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने की दिशा में उठाया बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने हरियाणा के 250 सरकारी स्कूलों को चीफ मिनिस्टर एक्सीलेंस एंड अर्ली इंग्लिश स्कूल (सीएम ईईई स्कूल) घोषित कर दिया है। इस योजना के तहत जिले के 12 स्कूलों का चयन किया गया है। यहां अब बच्चों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तर्ज पर अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई का मौका मिलेगा।

विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, इन सभी विशेष स्कूलों में पहली कक्षा पूरी तरह से अनिवार्य रूप से अंग्रेजी माध्यम में संचालित की जाएगी। दूसरी कक्षा और उससे आगे की कक्षाओं में छात्रों की सुविधा के लिए दो सेक्शन बनाए जाएंगे। इसमें एक सेक्शन हिंदी माध्यम और दूसरा सेक्शन अंग्रेजी माध्यम का होगा। अधिसूचना जारी होने की तिथि से ही ये सभी स्कूल अब अनिवार्य रूप से सह-शिक्षा संस्थानों के रूप में काम करेंगे। सरकार ने साफ किया है कि इन स्कूलों में बच्चों से तयशुदा रेगुलर फंड के अलावा कोई अतिरिक्त वित्तीय अंशदान या फीस नहीं ली जाएगी।

### स्क्रीनिंग से होगा शिक्षकों का चयन

इन स्कूलों में बेस्ट फैकल्टी तैनात करने के लिए मॉडल संस्कृति और पीएम श्री स्कूलों की तर्ज पर एक विशेष स्क्रीनिंग प्रक्रिया के जरिए शिक्षकों की तैनाती की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया द्वारा जारी आदेशों के अनुसार ये स्कूल अपने-अपने क्षेत्र में हब स्कूल के रूप में काम करेंगे। इसका मतलब है कि ये स्कूल आसपास के अन्य सरकारी स्कूलों को भी शैक्षणिक सहयोग, संसाधन और अपनी विशेषज्ञता सांझा करेंगे ताकि पूरे इलाके का शिक्षा स्तर सुधरेगा। हालांकि, इन स्कूलों की संबद्धता पहले की तरह हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से ही रहेगी।



**अंबाला।** एक स्कूल का दृश्य जिसमें बेहतर सुविधाओं के साथ पढ़ते छात्र।

### विभाग के आदेशों की प्रति मिली

डीईओ सुधीर कालड़ा ने बताया कि विभाग के आदेशों की प्रति मिल गई है। विभागीय निर्देशानुसार तुरंत प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है ताकि स्कूलों से संबंधित प्रक्रिया पूरी की जा सके।

### इन स्कूलों को किया जा रहा अपग्रेड

अंबाला शहर ब्लॉक से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलाना एवं जीएसएसएस बकनौर। अंबाला कैंट ब्लॉक से जीएसएसएस कांवला एवं जीएसएसएस पंजोखरा। बराड़ा ब्लॉक से जीएसएसएस धनौरा एवं जीएसएसएस तंदवाल। नारायणगढ़ ब्लॉक से जीएसएसएस नगला राजपूताना एवं जीएसएसएस डेरा। साहा ब्लॉक से जीएसएसएस बिहटा एवं जीएसएसएस नोहनी और शहजादपुर ब्लॉक से जीएसएसएस कक्कड़ माजरा एवं जीएसएसएस धनाना शामिल है।

## संयुक्त टीम ने विभिन्न मेडिकल स्टोरों एवं पान की दुकानों का किया निरीक्षण

# निकोटीन पाउच की अवैध बिक्री पर जिला प्रशासन का शिकंजा

*उपमंडल कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की हुई महत्वपूर्ण बैठक*

निकोटीन पाउच की बिक्री, भंडारण और वितरण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

युवाओं में तेजी से बढ़ रहे निकोटीन पाउच के सेवन और इसके दुष्प्रभावों को देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र में इसकी अवैध बिक्री के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को उपमंडल अधिकारी सतेन्द्र सिवाच की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें निकोटीन पाउच की बिक्री, भंडारण और वितरण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य, खाद्य एवं आपूर्ति तथा ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

अधिकारियों ने निकोटीन युक्त उत्पादों के बढ़ते चलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह युवाओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इसके मद्देनजर मेडिकल स्टोरों, पान की दुकानों, किराना स्टोरों और अन्य संदिग्ध प्रतिष्ठानों की नियमित जांच करने तथा अवैध बिक्री पाए जाने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक के बाद एसडीएम के निर्देशानुसार पुलिस विभाग, ड्रग कंट्रोल विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के विभिन्न मेडिकल स्टोरों एवं पान की दुकानों का निरीक्षण किया।



बराड़ा। दुकानों पर छापेमारी करती टीम। फोटो : हरिभूमि

### दुकानदारों को प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री न करने की चेतावनी

निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को निकोटीन पाउच एवं अन्य प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री न करने की सख्त चेतावनी दी गई और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश

एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र में निकोटीन पाउच की किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ लगातार निगरानी रखने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला ड्रग्स कंट्रोल अधिकारी हेमंत ग्रोवर, डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. जितेंद्र पाल सिंह, पुलिस विभाग से विपिन कुमार, धर्मवीर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध के नियमों की जानकारी देते हुए तंबाकू एवं निकोटीन युक्त उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया। उन्होंने बताया कि स्कूलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि युवाओं को नशे की लत से बचाया जा सके।

## धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

# अंबाला में 6 को कई जगह बम धमाके करने की धमकी

- ईमेल के जरिए अदालत के साथ नगर निगम, मेयर कार्यालय व रेलवे स्टेशन को उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अदालत को बम से उड़ाने की धमकी को लेकर मंगलवार को सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त दिखे। ईमेल के जरिए अदालत के साथ कई सार्वजनिक स्थलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ई-मेल में 6 जून को कई मुख्य सरकारी ठिकानों को बम से उड़ाने की बात कही गई है। धमकी मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं और पूरे जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया।

ई-मेल में अदालत के साथ म्यूनिसिपल कार्यालय, मेयर कार्यालय, अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन और रेलवे ट्रैक शामिल है। 6 जून को इन जगहों पर बम विस्फोट करने की धमकी दी गई है। धमकी के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी),



**अंबाला।** रेलवे स्टेशन पर जांच करते पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

क्राइम इंटेलिजेंस ब्यूरो (सीआईबी) और डॉग स्क्वाड की एक संयुक्त टीम ने अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।

इस अभियान का नेतृत्व आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह, एसआई पंकज कुमार, जीआरपी के एएसआई सुखबीर सिंह और डॉग स्क्वाड के एएसआई दीपचंद ने किया। पुलिस टीमें एहतियात के तौर पर संदिग्धों से पूछताछ कर रही हैं और सीसीटीवी फुटेज से निगरानी रखी जा रही है।

# युवक ने घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म

- आरोपी पर अश्लील वीडियो बनाने का भी आरोप
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

रादौर थाना क्षेत्र में एक युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी युवक ने उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

रादौर थाना क्षेत्र निवासी 26 वर्षीय महिला ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह रादौर क्षेत्र स्थित ईंटों के भट्टे पर काम करती है। 25 मई को रात दो बजे वह अपने घर में सो रही थी। इस दौरान मेहताब उनके घर में आ गया। आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने बताया कि इस दौरान आरोपी ने उसकी वीडियो भी बनाई। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने घटना के बारे में परिजनों को बताया। परिजनों ने मामले की सूचना महिला पुलिस थाने में दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी मेहताब के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# दो युवकों को विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 15 लाख 67 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- पुलिस ने तीन आरोपियों पर किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

जिले में अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों को विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख 67 हजार रुपये हड़पने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद तीन आरोपी लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव गोविंदपुरी निवासी महेंद्र ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात नितिन के साथ हुई। नितिन ने उसे बताया कि वह काफी लोगों को विदेश भेज चुका है। वह उसके लड़के को भी रोजगार के लिए विदेश भेज देगा। इस दौरान आरोपी ने उसे उसके लड़के को जर्मनी भेजने का आश्वासन दिया। आरोपी ने एक अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2026 के बीच उसके लड़के को जर्मनी भेजने के नाम पर अलग-अलग करके नौ लाख 22 हजार रुपये ले लिए मगर इसके बाद भी आरोपी ने उसके लड़के को जर्मनी नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### विदेश जाना चाहता था कुलविंदर

गांव काठवाल निवासी कुलविंदर ने सदर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अप्रैल 2025 में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात जिला करनाल के तहसील इंद्री के गांव खानपुर निवासी मुनीष व जरनेल सिंह के साथ हुई। दोनों आरोपियों ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी नौकरी के लिए विदेश भेज देंगे। आरोपियों ने अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 के बीच उसे छह लाख 45 हजार रुपये ले लिए। आरोपियों ने इसके बाद भी उसे विदेश नहीं भेजा। आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया।

# 3.55 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- नेट का पेपर पास करवाने के नाम पर लिए थे रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नेट का पेपर पास करवाने के नाम पर 3 लाख 55 हजार की धोखाधड़ी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल मार्ग निर्देश में थाना केयूके टीम ने नेट का पेपर पास करवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोपी जितेंद्र उर्फ जतिन वासी दीदार नगर कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में न्यू लक्ष्मण कॉलोनी कुरुक्षेत्र वासी एक महिला ने बताया कि वह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय मार्केट में एक फोटो स्टेट की दुकान पर नोटस व स्टेशनरी का सामान लेने जाती थी। दुकान संचालक जितेंद्र उर्फ जतिन उसे यह विश्वास दिलाता रहा कि वह नेट/जेआरएफ का पेपर पास करवा सकता है। उसने आरोपी की बातों में आकर 17 सितंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 के बीच उसे कुल 3 लाख 55 हजार रुपये की राशि आरोपी को दे दी। आरोपी ने आश्वासन दिया कि उसका पेपर पास हो जाएगा, लेकिन ना तो उसकी परीक्षा पास हुई ना ही आरोपी ने उसके पैसे वापस किए। आरोपी ने झूठा आश्वासन देकर उसके साथ धोखाधड़ी की है।

### सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति पर कार चढ़ाई, मौत

**करनाल।** डेरा कार सेवा के बाहर मंगलवार तड़के सड़क किनारे सो रहे एक व्यक्ति की कार की चपेट में आने से मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर परिजनों ने शरीर पर चोटों के निशान देखकर हत्या की आशंका जताई, लेकिन पुलिस जांच और फोरेंसिक टीम की पड़ताल में मामला सड़क हादसे का निकला। घटना के बाद कार चालक वाहन समेत फरार हो गया। मृतक की पहचान 45 वर्षीय मनहरण के रूप में हुई है, जो मूल रूप से छत्तीसगढ़ का रहने वाला था और पिछले कई वर्षों से करनाल में रहकर कबाड़ बीनने का काम करता था। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि पहले उन्हें लगा कि किसी ने मनहरण की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंका है। हालांकि पुलिस ने घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और जांच के आधार पर स्पष्ट किया कि कार बैक करते समय चालक को सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति का पता नहीं चला और वाहन उसके ऊपर चढ़ गया।

# केयू एसएफएस कर्मचारियों को बजट पद में लाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानेसर

- कुंटिया प्रधान राजवंत कौर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौंपा ज्ञापन

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की प्रधान राजवंत कौर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मंगलवार को शिष्टाचार भेंट की। कुंटिया प्रधान राजवंत कौर व केयू शिक्षक संघ के प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन देकर केयू में सेल्फ-फाइनेंस स्कीम (एसएफएस) के अंतर्गत नियमित आधार पर कार्यरत लगभग 250 गैर-शिक्षक कर्मचारियों के पदों को बजटेड पदों में परिवर्तित करने की मांग उठाई है। कुंटिया प्रधान राजवंत कौर ने बताया कि ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2005-06 में विश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने तथा रोजगारोन्मुखी एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रम शुरू करने के उद्देश्य से एसएफएस योजना लागू की गई थी। वर्तमान में विश्वविद्यालय के 47 विभागों एवं संस्थानों में से 13 विभाग एसएफएस के अंतर्गत संचालित हैं, जिनमें लगभग 5,000 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि एसएफएस के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी नियमित कर्मचारियों की तरह ही चयन प्रक्रिया से नियुक्त हुए हैं तथा वर्षों से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ज्ञापन में राज्य सरकार द्वारा गठित विश्वविद्यालय समीक्षा समिति की उस सिफारिश का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें पांच वर्ष से अधिक समय से सफलतापूर्वक संचालित एसएफएस पाठ्यक्रमों को बजटेड श्रेणी में परिवर्तित करने की अनुशंसा की गई थी।



**थानेसर।** मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपते कुंटिया प्रधान राजवंत कौर व केयू शिक्षक संघ के प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़।

**कार्रवाई** निशानदेही के दौरान दोनों आरोपी अपने किए पर पछतावा करते नजर आए

# पूर्व विधायक दिलबाग की फैक्ट्री में फायरिंग मामले में दो शूटरों से करवाई घटनास्थल की निशानदेही

*विदेश में बैठे गैंगस्टरों ने पैसे और विदेश भेजने का दिया था लालच*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की प्लाईवुड फैक्ट्री पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में पुलिस जांच लगातार आगे बढ़ रही है। मामले में गिरफ्तार शूटर हर्ष और अभिषेक को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस दोनों आरोपियों को निशानदेही के लिए उसी फैक्ट्री पर लेकर पहुंची, जहां गत 30 मार्च की रात फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया गया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि निशानदेही के दौरान दोनों आरोपी अपने किए पर पछतावा करते नजर आए। आरोपी अभिषेक ने बताया कि वह आठवीं कक्षा तक पढ़ा है और उसकी उम्र करीब 20 वर्ष है। उसने कहा कि विदेश में बैठे गैंगस्टरों ने उसे पैसों और विदेश भेजने का लालच दिया था, जिसके बहकावे में आकर उसने अपराध का रास्ता चुना। वहीं आरोपी हर्ष ने भी स्वीकार किया कि गैंगस्टरों के झांसे में आकर उसकी जिंदगी बर्बाद हो गई। उसने बताया कि उसे भरोसा दिलाया गया था कि एक बड़ी वारदात के बाद उसकी जिंदगी पूरी तरह बदल जाएगी और उसे भविष्य में काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

घायल हर्ष को पुलिस इससे पहले कांजनू क्षेत्र में भी निशानदेही के लिए लेकर गई थी, जहां पुलिस मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी थी। घायल होने के कारण वह ठीक से चल नहीं पा रहा था और उसे घटनास्थल तक पहुंचकर पुलिस को जानकारी देनी पड़ी।



**यमुनानगर।** जठलाना में पूर्व विधायक की फैक्ट्री के बाहर शूटरों से निशानदेही करवाती पुलिस।

### अब तक चार आरोपी गिरफ्तार

मामले की जांच कर रहे एसआई सतीश के अनुसार पुलिस अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्य आरोपियों में कुरुक्षेत्र के गांव सुनहेड़ी खालसा निवासी अमन उर्फ काकू, हर्ष और अभिषेक शामिल हैं। इसके अलावा रादौर निवासी लवीश उर्फ लक्की को भी गिरफ्तार किया गया है, जिस पर शूटरों को हथियार उपलब्ध कराने का आरोप है। पुलिस जांच में सामने आया है कि तीनों शूटर विदेश में बैठे गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े कार्तिक पंडित के संपर्क में थे। उसके निर्देश पर 30 मार्च की रात पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की फैक्ट्री पर अंधाधुंध फायरिंग की गई थी। घटनास्थल से पुलिस ने आठ गोलियों के खोल बरामद किए थे। घटना के बाद सोशल मीडिया पर गैंगस्टर नोनी राणा और शुभम पंडित ने पोस्ट जारी कर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी तथा इसे चेतावनी बताते हुए धमकियां भी दी थीं।

## खबर संक्षेप



करनाल। नरसी विलेज में योग साधना शिविर में योगाभ्यास करते प्रतिभागी।

### योग से मिलता है स्वस्थ शरीर और शांत मन

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शहरवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए तीन दिवसीय योग साधना शिविर का आयोजन किया गया। नरसी विलेज पार्ट-2, सेक्टर-33 में 2 जून से 4 जून तक आयोजित इस शिविर में आसन, प्राणायाम और योग क्रियाओं के माध्यम से लोगों को तनावमुक्त जीवन का संदेश दिया जा रहा है। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने योग प्रेमियों को योगाभ्यास करवाते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मन को भी शांत और सकारात्मक बनाता है। योग माह जून के दौरान अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में योग शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें प्रातःकालीन योग सत्र, ध्यान और प्राणायाम कक्षाएं शामिल होंगी।

### विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट की दी जानकारी

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मंगलवार को आर्य समाज मंदिर दादूपुर के सौजन्य से विद्यार्थियों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने की। मीनाक्षी यादव ने विद्यार्थियों को मुफ्त कानूनी सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जरूरतमंद व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या अपराध की जानकारी अपने माता-पिता और अध्यापकों को देने के लिए प्रेरित किया।

### प्रो. रामपाल सीआरएसयू के नियमित कुलपति बने

**करनाल।** हरियाणा के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण निर्णय के तहत डीएवी पीजी कॉलेज करनाल के प्राचार्य



प्रो. (डॉ.) राम पाल सैनी को जींद स्थित चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय का नियमित कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति के आदेशानुसार मंगलवार को उनकी नियुक्ति की घोषणा की गई। प्रो. सैनी इससे पूर्व विश्वविद्यालय में कार्यवाहक कुलपति के रूप में सेवाएं दे रहे थे। लगभग 30 वर्षों के शैक्षणिक अनुभव वाले प्रो. सैनी ने वर्ष 1996 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि विभाग से अध्यापन कार्य शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने एसडी कॉलेज पानीपत में दो दशक तक सेवाएं दीं और बाद में डीएवी पीजी कॉलेज करनाल के प्राचार्य के रूप में लगभग 10 वर्षों तक संस्थान का नेतृत्व किया। वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की

## 4 और 5 जून को वार्ड 4 व 10 में चलेगा विशेष अभियान

# महा स्वच्छता अभियान के साथ 5000 पौधे रोपे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

- विश्व पर्यावरण दिवस पर भी होगा महा पौधारोपण

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के निर्देशानुसार नगर निगम करनाल द्वारा आगामी 4 व 5 जून को शहर के वार्ड नम्बर 4 और 10 में महा स्वच्छता अभियान तथा पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के सफल आयोजन को लेकर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मंगलवार को संबंधित पार्षदों, वार्ड कमेटियों तथा नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

महापौर ने बताया कि दोनों दिनों में प्रातः 8 बजे से स्वच्छता एवं पौधारोपण कार्यक्रम शुरू होंगे। नगर निगम टीम द्वारा अभियान के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं तथा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। 4 जून को वार्ड नम्बर 4 स्थित कर्ण विहार के बाहर योगा शेड के आसपास महा स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा वहां पौधारोपण किया जाएगा। इसी प्रकार 5 जून को वार्ड नम्बर 10 में कालड़ा मार्केट के पास स्थित खाली ग्राउंड में विशेष सफाई अभियान चलाकर पौधे लगाए जाएंगे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को प्रातः 11 बजे नेशनल हाईवे-44 स्थित आईटीआई चौक फ्लाईओवर के समीप महा पौधारोपण अभियान आयोजित किया जाएगा। नगर निगम द्वारा दो दिनों में लगभग 5000 पौधे लगाए जाएंगे। पौधारोपण अभियान को 'मेरा पौधा-मेरी जिम्मेदारी' थीम के तहत संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत लगाए गए पौधों की देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। वार्ड कमेटी के सदस्य पौधों की नियमित निगरानी करेंगे ताकि सभी पौधे सुरक्षित रह सकें और शहर को हरित स्वरूप प्रदान किया जा सके। स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि सतत चलने वाली प्रक्रिया है।

उन्होंने वार्ड कमेटी सदस्यों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के अधिक से अधिक नागरिकों को अभियान से जोड़ें तथा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाएं।



करनाल। स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक करतीं महापौर रेणु बाला गुप्ता।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में वार्ड नम्बर 4 के पार्षद भूपेन्द्र नौतना, वार्ड नम्बर 10 के पार्षद प्रतिनिधि वीर विक्रम कुमार, मनोनीत पार्षद गौरव नागपाल, सदस्य पायल अरोड़ा, संबंधित वार्ड कमेटी सदस्य तथा नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तरावड़ी में जागरण व भंडारे का आयोजन 6 जून को



- युवा जागृति सेवा समिति के तत्वावधान में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

नगरवासियों के सहयोग से युवा जागृति सेवा समिति तरावड़ी द्वारा 10वां विशाल मां भगवती जागरण एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष पवन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह धार्मिक कार्यक्रम 6 जून (शनिवार) को 15 वार्ड गुगा माड़ी के सामने वाली गली मे आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि रात्रि दस बजे मां भगवती की ज्योति प्रचंड की जाएगी, जिसके बाद पूरी रात जागरण का आयोजन होगा। जागरण में श्याम जागरण पार्टी तरावड़ी अपनी मधुर वाणी से मां भगवती के सुंदर भजनों का गुणगान करेगी, जिससे श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरदार लखविंदर सिंह ढिल्लों पार्षद प्रतिनिधि, वार्ड नंबर 15 शिरकत करके ज्योति प्रज्वलित करेंगे। इसके अलावा सुप्रसिद्ध टीवी कलाकार रजनी सरगम एवं हरियाणवी कलाकार प्रेम शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबोएंगे। समिति द्वारा मां भगवती का भव्य दरबार सजाया जाएगा, जिसमें आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी। 6 जून की सायं 7 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## आंबेडकर भवन का निर्माण वर्ष के अंत तक होगा पूरा : पातलान

- आम सभा में आय-व्यय रिपोर्ट पारित, नि:शुल्क होटल मैनेजमेंट डिग्री प्रोजेक्ट की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

अंबेडकर समाज कल्याण सभा के आजीवन सदस्यों की आम सभा की बैठक सेक्टर-16 स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान अमर सिंह पातलान ने की जबकि संचालन महामंत्री बलवंत सिंह आलान ने किया।

बैठक में वर्ष 2025-26 की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की। प्रधान अमर सिंह पातलान ने सभा की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष के अंत तक अंबेडकर भवन का निर्माण कार्य नक्शे के अनुसार पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि भवन में महिलाओं के लिए सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र, विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय और कंप्यूटर सेंटर संचालित किए जा रहे हैं, जिससे जरूरतमंद लोगों को रोजगार और शिक्षा के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीएसआर योजना के तहत सभा द्वारा होटल मैनेजमेंट प्रोजेक्ट भी चलाया जा रहा है, जिसमें 12वीं पास विद्यार्थियों को निशुल्क डिग्री, आवास, भोजन और प्रशिक्षण की सुविधा मिल रही है। अब तक 20 से अधिक छात्र-छात्राओं को देश के विभिन्न होटलों में भेजा जा चुका है।



करनाल। आंबेडकर भवन में आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्य।

### साइबर ठगों ने खाते से गायब किए 42 हजार

**तरावड़ी।** साइबर अपराधियों ने एक बार फिर अपनी सक्रियता दिखाते हुए तरावड़ी निवासी मनोज कुमार को ठगी का शिकार बना लिया। ठगों ने तीन अलग-अलग बैंक खातों से कुल 41,664 रुपये निकाल लिए। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। पीड़ित मनोज कुमार ने बताया कि वह 31 मई को अपने मोबाइल फोन पर किसी से बातचीत कर रहा था।

इसी दौरान अचानक उनका फोन बंद हो गया। जब फोन चालू हुआ तो उन्हें बैंक खातों से पैसे निकल चुके थे।

साइबर ठगों ने पीड़ित के यूको बैंक व यूनियन बैंक खातों से 19,999 रुपये, 19,999 रुपये तथा 1,666 रुपये की निकासी कर ली है। मनोज कुमार के अनुसार कुल 41,664 रुपये की धोखाधड़ी की गई है। उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क कर ऑनलाइन शिकायत संख्या दर्ज करवा दी।

## एसडीएम डॉ. गुप्ता ने दी जानकारी

## 5 से शुरू होगा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

निर्वाचक पंजीयन अधिकारी व एसडीएम इंद्री डॉ रमन गुप्ता ने कहा कि 5 जून से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) शुरू होने जा रहा है। जिसके अन्तर्गत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में शामिल सभी मतदाताओं की वेरिफिकेशन की जाएगी। एसआईआर से जुड़े सभी कार्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं।

उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि सभी राजनीतिक दल जल्द से जल्द बीएलए की नियुक्ति करें। एसडीएम डॉ रमन गुप्ता कार्यालय में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर)से संबंधित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम डॉ रमन गुप्ता ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य किसी की वोट का काटना नहीं अपितु यह गहन पुनरीक्षण का कार्य मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए है।



उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। साथ ही राजनीतिक दलों से प्रत्येक बूथ पर बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित करें ताकि वे इस प्रक्रिया में मदद कर सकें। एसआईआर की क्वालिफाइंग तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इसके तहत बीएलओ का प्रशिक्षण एवं आवश्यक सामग्री वितरण 5 से 14 जून तक किया जाएगा, जबकि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन 15 जून से 14 जुलाई तक, मतदान केंद्रों को रेशनलाइजेशन 14 जुलाई तक, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा।

## स्कूल खोलने का सपना बना ठगी का शिकार

- ग्रीन बेल्ट की जमीन बेचकर बुजुर्ग दंपती से हड़पे 1.75 करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीलोखेड़ी

एक बुजुर्ग दंपती को स्कूल खोलने का सपना उस समय भारी पड़ गया जब उन्हें ग्रीन बेल्ट की जमीन बेचकर करोड़ों रुपये की कथित ठगी कर ली गई।

पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

83 वर्षीय रमन और उनकी पत्नी संतोष देवी ने शिकायत में बताया कि उन्होंने बच्चों के भविष्य के लिए शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने की योजना बनाई थी। इसी उद्देश्य से उन्होंने एनएच-44 के पास जमीन खरीदी और इसके लिए करीब 1.75 करोड़ रुपये का भुगतान किया। बाद में सरकारी कार्यालयों से जानकारी लेने पर पता चला कि संबंधित भूमि ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में आती है, जहां निर्माण की अनुमति नहीं मिल सकती।

दंपती का आरोप है कि आरोपितों ने खुद को नियमों की जानकारी रखने वाला बताते हुए उन्हें भरोसे में लिया और जमीन पर स्कूल, रेस्टोरेंट या पेट्रोल पंप तक बनने का दावा किया। जब वास्तविक स्थिति सामने आई तो रुपये वापस मांगने पर भी उन्हें राहत नहीं मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सफाई व्यवस्था-पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा

- वार्ड कमेटी से सुझाव साझा करने के लिए नया कार्यालय में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

शहर में बेहतर सफाई व्यवस्था व अधिक से अधिक पेड़ लगाने को लेकर शहर की वार्ड कमेटी से सुझाव साझा करने के लिए नगरपालिका कार्यालय में एक बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता नगरपालिका सचिव रविप्रकाश शर्मा ने की। उन्होंने कमेटी के सदस्यों से कहा कि सरकार के निर्देशों के अनुसार चार व पांच जून को शहर में सफाई व्यवस्था व पेड़ लगाने पर अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सभी की भागेदारी जरूरी है और इस अभियान के लिए लोगो को जागरूक भी करना अनिवार्य है।

मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय में आयोजित बैठक में शहर की वार्ड कमेटी के सदस्यों ने सुझाव दिया कि शहर को साफ सुथरा रखने के लिए स्कूल में बच्चों को प्रार्थना सभा में सुबह स्वच्छता के लिए जागरुक करना, शहर में सीसीटीवी कैमरे, शहर में एंट्री पर स्वागत द्वार, शहर के वार्डो में निजी कंपनियों की तारे जैसे काफी मुद्दे बैठक में रखे गए। नगरपालिका सचिव रविप्रकाश शर्मा ने मंगलवार को शहर के सभी वार्डों में बनाई गई कमेटियों के सदस्यों की बैठक बुलाई गई है और शहर को सौंदर्यकरण बनाने पर विचार साझा किए गए हैं और जो विचार सदस्यों ने रखे है, उनको नोट कर लिया है। सभी सुझावों पर कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। सचिव रविप्रकाश शर्मा ने बताया कि शहर में चार जून को सफाई अभियान व पांच जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा।



## न्यूज डायरी

### सुपर स्टोर में चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार



**तरावड़ी।** सी.आई.ए-3 शाखा पुलिस ने कुछ दिन पूर्व तरावड़ी में हुई चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रिमांड के दौरान दोनों आरोपियों से 46 हजार 500 रुपये की नगदी बरामद की है। बताया जा रहा है कि दोनो युवक नशा करने के आदि थे। दोनों आरोपियों का आज मेडिकल करवाने के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा। इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि पकड़े गए दोनो आरोपी सागर और बंटी तरावड़ी के रहने वाले हैं। बता है कि तरावड़ी के मेन बाजार में स्थित खुराना सपुर स्टोर से छत के रास्ते से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। चोरों ने दुकान में रखी डेढ़ लाख के कैश पर हाथ साफ किया था। इसके अलावा चोर दुकान में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे की डी.वी.डी भी उखाड़ कर ले गए थे ताकि चोरों की वारदात का किसी का पता ना चल सके। चोरों ने इस वारदात को छत की मदद से ऊपर घुसकर और दुकान के दरवाजे तोडकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी थी और आज सी.आई.ए.-3 शाखा पुलिस ने दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि रिमांड के दौरान इनसे पूछताछ कर अन्य वारदात का पता लगाया जायेगा।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान 15 जून से

**घरौंडा/करनाल।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर मंगलवार को निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम राजेश सोनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एसडीएम राजेश सोनी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी राजनीतिक दल अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करें। विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ की नियुक्ति की जा चुकी है, जो 15 जून से 14 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। अभियान की क्वालिफाइंग तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। 5 से 14 जून तक बीएलओ का प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण होगा। 21 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा, जबकि 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा।

### राष्ट्रीय महापौर सम्मेलन आज से

**करनाल।** देवभूमि उत्तराखंड के ऋषिकेश में तीन जून से अखिल भारतीय महापौर परिषद का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू होगा। देशभर के करीब 60 शहरों के महापौर इस सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता अखिल भारतीय महापौर परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता करेंगी, जबकि उद्घाटन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। सम्मेलन से पूर्व तैयारियों का जायजा लेते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन शहरी विकास और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगमों को जनहित और विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।

## सेवा, संस्कार और सामाजिक गतिविधियों को गति देने का लिया संकल्प

# भाविप की नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

- पूर्व अध्यक्ष सतीश मल्होत्रा, सचिव मधु ग्रोवर एवं कोषाध्यक्ष तृप्ता सांदल को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

भारत विकास परिषद अभिमन्यु शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह मंगलसेन ऑडिटोरियम (मिराज) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ हुआ। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सतीश मल्होत्रा, सचिव मधु ग्रोवर एवं कोषाध्यक्ष तृप्ता सांदल को उनके कार्यकाल के लिए सम्मानित किया गया। प्रांतीय महासचिव हरियाणा उत्तर अतुल गोयल ने नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी में सुरेंद्र सांदल ने अध्यक्ष, मनिका चोपड़ा ने सचिव, नीना महाजन ने कोषाध्यक्ष, मधु पाठक ने महिला सहभागिता संयोजक, संगीता मेहता ने संस्कार संयोजक, मनोहर कृष्ण डुडेजा ने सेवा संयोजक, दर्शन मदान ने संपर्क संयोजक तथा संतोष आर्या ने पर्यावरण संयोजक के रूप में दायित्व ग्रहण किया।



करनाल। समारोह में नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाते परिषद पदाधिकारी।

जिला समन्वयक अशोक महेंद्रू ने नए सदस्यों प्रो. प्रताप सिंह, विनीता पवार, सुरेंद्र, सोनिया कक्कड़, राकेश, शमा सरदाना, करिश्मा, राजन पाहवा, आदेश, सुमन मदान, सुनील एवं अमिता सांदल को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष हरियाणा उत्तर कपिल गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद की 1600 शाखाएं देशभर में सेवा एवं संस्कार के कार्यों में जुटी हुई हैं। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र सांदल ने बताया कि शाखा द्वारा शेखूपुरा सुहाना गांव में सिलाई केंद्र, भारत को जानो प्रतियोगिता, राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता तथा गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस सहित अनेक सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की जाती हैं। इस अवसर पर सुरेंद्र आहूजा, अशोक मेहता, मीरा मल्होत्रा, टीएल जग्गी, पूजा चुघ, गिरिजा शर्मा, ललिता मदान, शिखा दत्त, मुकेश मदान, भोर, आदि उपस्थित रहे।

**स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया**

तरावड़ी। भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी की ओर से रेलवे रोड स्थित एक निजी होटल में भव्य दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री हंस जनरल एंड राइस मिल के सीएमडी प्रदीप गुप्ता एवं आर एल फूड्स के निदेशक रोशन लाल गुप्ता उपस्थित रहे। शाखा की पिछली टीम द्वारा अपने तीन वर्षों के कार्यकाल का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। शाखा के प्रधान योगेश मिडडा तथा सचिव राकेश हंस ने अपने कार्यकाल के दौरान समाज हित में किए कार्यों एवं आयोजनों की जानकारी सांझा की।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, घर में घुसकर धमकाने पहुंचा युवक

**करनाल।** बुटाना थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायत के अनुसार 15 वर्षीय किशोरी कुछ समय पहले रिश्तेदारों के पास रहकर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान एक युवक लगातार उसका पीछा करने लगा, जिससे परेशान होकर वह पढ़ाई छोड़कर वापस घर लौटना पड़ा। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद भी युवक उसका पीछा करता रहा और गांव में आकर नजर रखने लगा।

परिवार ने बताया कि 30 मई की रात युवक घर में घुस आया और लड़की के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। आहट मिलने पर परिवार के सदस्य जाग गए, जिसके बाद आरोपित मौके से भाग निकला।

## खबर संक्षेप

### शिक्षामंत्री के घेराव को लेकर की बैठक

**पानीपत।** मजदूर संगठन सीटू जिला कार्यालय गीता कॉलोनी में आज मिड डे मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ राज्य कमेटी के आह्वान पर लंबित मांगों को लेकर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के पानीपत आवास कैंप कार्यालय पर राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन की तैयारी को लेकर विभिन्न संगठनों की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मिड डे मील वर्कर्स यूनियन जिला की प्रधान निर्मला अहलावत ने की।

### बाल श्रम पर जीरो टॉलरेंस नीतिः पोसवाल

**पानीपत।** जिला सचिवालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक नगराधीश टीनू पोसवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें बाल श्रम रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फरवरी 2026 से अब तक बाल श्रम से संबंधित पांच शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनकी जांच उपरांत कोई भी बाल श्रमिक कार्य करता हुआ नहीं पाया गया।

### आदतें कम कर सकती हैं गठिया का खतरा

**पानीपत।** 40 की उम्र के बाद जोड़ों में दर्द, अकड़न को सामान्य मान लिया जाता है। जोड़ों की सेहत केवल उम्र पर निर्भर नहीं करती। रोजमर्रा की आदतें, शारीरिक गतिविधि, पोषण, सही पॉश्चर और जीवनशैली भी जोड़ों की कार्यक्षमता प्रभावित करते हैं। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग के रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट्स एवं ऑर्थोपेडिक्स विभाग के सीनियर डायरेक्टर डा. सिमोन थामस ने बताया कि दिनभर सक्रिय रहना जोड़ों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए जरूरी है।

### पीएमओ तक पहुंची निखिल चुघ की पुस्तक

**पानीपत।** अधिवक्ता, लेखक एवं सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य निखिल चुघ की पुस्तक हर नागरिक को जानने चाहिए कानूनी अधिका भारत के नए आपराधिक कानूनों के तहत एफआईआर, जमानत एवं पुलिस प्रक्रिया की प्रतियां प्रधानमंत्री कार्यालय तथा राष्ट्रपति भवन तक पहुंची हैं। यह पुस्तक भारत के नए आपराधिक कानूनों के अंतर्गत एफआईआर, जमानत, पुलिस प्रक्रिया तथा नागरिकों के कानूनी अधिकारों से संबंधित विषयों पर केंद्रित है।

### आर्यवीर शिविर के दूसरे दिन हुआ हवन

**पानीपत।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज 5 दिवसीय सार्वदेशिक आर्यवीर दल शिविर के दूसरे दिन के शिविर की शुरुआत प्रधान भारत भूषण द्वारा वैदिक यज्ञ के साथ की गई। मुख्य वक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने काय्रकम की अध्यक्षता करते हुए शिविर में पहुंचने पर मुख्य अतिथि समाजसेवी आर्य सुरेश कक्कड़ का पुष्प देकर अभिनन्दन किया।

### बुढ़वा मंगल पर सनातन मंदिर में उमड़े भक्त

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर में पुरुषोत्तम मास कथा के सतारहवें दिन और बुढ़वा मंगल पर मंदिर परिसर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं व्यास पीठ से कथा वाचक प. बृजकिशोर शास्त्री ने कहा कि पंचमुखी हनुमान जी का स्वरूप अद्भुत, दिव्य और कल्याणकारी माना गया है। नकारात्मक शक्तियों एवं ग्रहबाधाओं से मुक्त करते हैं।

## पानीपत हरियाणा की राजनीति का पावर सेंटर: श्रीभगवान

# अग्रवाल समाज डॉ. अर्चना का पांच जून को करेगा अभिनंदन

अभिनंदन समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को भी आमंत्रित करने की तैयारी, प्रदेश के मंत्री भी आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। पत्रकारों को जानकारी देते हुए अग्रवाल समाज के विभिन्न संगठनों के सदस्य। फोटोः हरिभूमि

समस्त अग्रवाल समाज एवं संबंधित सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक संस्थाओं ने आगामी 5 जून को सांय 6 बजे एसडी विद्या मंदिर हुड्डा सेक्टर 12 में डा.अर्चना गुप्ता के भाजपा प्रदेश का अध्यक्ष बनाए जाने पर भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। आज जीटी रोड स्थित गौशाला के सभागार में विभिन्न संगठनों के अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता करके शहर के सर्व समाज के लोगों से अपील की है कि वह इस नागरिक अभिनंदन समारोह में पहुंचकर इसे भव्य बनाएं। जिससे इसकी गूंज हरियाणा में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में हो। पत्रकार वार्ता में श्री भगवान अग्रवाल, विकास गोयल, नरेश सिंगला, काकू बंसल, रामनिवास गुप्ता,पार्षद नवल जिंदल, सतीश चंद्रा, संजय अग्रवाल, ईश्वर अग्रवाल, हरिओम तायल, सुरेश काबरा, संदीप जिंदल एडवोकेट, शिव कुमार मित्तल, आशु गुप्ता, अनिल बंसल, राधेश्याम गुप्ता, सुधीर चौधरी, तुलसी सिंगला ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का डा.अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर आभार जताया। वहीं सभी ने संकल्प लिया की एकजुट होकर डा. अर्चना गुप्ता का नागरिक अभिनंदन भव्य रूप से मनाया जाए। श्री भगवान अग्रवाल ने कहा कि अभिनंदन समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कैबिनेट मंत्री महीपाल ढांडा, कृष्ण लाल पंवार, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, विधायक प्रमोद विज व मनमोहन भढ़ाना, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी को भी आमंत्रित किया जाएगा।

### अग्रवाल समाज के लिए गौरव की बात

उन्होंने कहा कि है गौरव की बात है की पानीपत की अग्रवाल समाज की बेटी डा.अर्चना गुप्ता को भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष बनाकर जो जिम्मेदारी दी है, इससे पानीपत का गौरव बढ़ा है। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जताई कि पानीपत आज पावर सैंटर बन गया है। पानीपत जिले से जहां भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा सरकार में दो कैबिनेट मंत्री महीपाल ढांडा एवं कृष्ण लाल पंवार, राज्यसभा सांसद संजय भाटिया एवं विधायक प्रमोद विज व मनमोहन भड़ाना विराजमान हैं। अब निश्चित रूप से पानीपत जिला का चहुंमुखी विकास होगा।

# जेईई एडवांस में लहराया परचम

- 14 छात्रों ने हासिल की सफलता, नई तकनीक व नवाचार विकसित करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत


पानीपत। जेईई एडवांस में परचम लहराने वाले विद्यार्थी। फोटोः हरिभूमि

जेईई एडवांस 2026 के घोषित परिणामों में पानीपत सेंटर के 14 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। उत्कृष्ट रैंक प्राप्त करने वाले इन मेधावी विद्यार्थियों का लक्ष्य केवल प्रतिष्ठित आईआईटी में प्रवेश पाना ही नहीं, बल्कि भविष्य में देश के तकनीकी और वैज्ञानिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना भी है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज पानीपत सेंटर की छात्रा आकांक्षा ने 207 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक एआईआर 1090 हासिल की, जबकि ओम सिंगला ने एआईआर 5301 प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

### ये रहे मौजूद

हर्ष कुमार, हर्षवर्धन, महक, आंचल, यशम, दक्ष, दिव्या देवी, हर्षिका, हिमान्या, आयुष ओझा और अंशुल भार्गव सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी बेहतर रैंक हासिल कर सफलता दर्ज की। आकाश संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक विकास फूटेला ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर आकाश राणा, मयंक टंडन, बिन्नी सिंह, अर्जुन सिंह, सुभाष त्यागी व नेहा गुलाटी मौजूद रहे।

### हेरोइन सहित नशा तस्कर व सप्लायर काबू

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गांव जलालपुर द्वितीय से पत्थरगढ़ जाने वाली सडक़ पर टी प्वाइंट के नजदीक एक नशा तस्कर को 9.38 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही पर नशा सप्लायर को भी गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पूछताछ में उसने अपनी पहचान उस्मान पुत्र अफसर अली निवासी रानी महल काबूली बाग कॉलोनी हाल बबैल रोड मनमोहन नगर के रूप में बताई। ड्यूटी मेजिस्ट्रेट एईटीओ विकास कुमार भारद्वाज की मौजूदगी में युवक के पास हेरोइन 9.38 ग्राम मिली।

## ई बसों में छात्र बस पास मान्य नहीं होने पर इनसो ने दी आंदोलन की चेतावनी


पानीपत। जीएम को ज्ञापन सौंपते हुए इनसो नेता । फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

ई.बसों में कॉलेज छात्रों के बस पास मान्य न किए जाने के विरोध में इनसो ने छात्र नेता बलराज देशवाल और राष्ट्रीय महासचिव राजेन्द्र जैलदार के नेतृत्व में रोडवेज महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 28 मई को ई.बसों में छात्र बस पास मान्य करने की घोषणा के बावजूद अभी तक इसका पालन नहीं हो रहा है और छात्रों से टिकट वसूला जा रहा है। इनसो ने मांग की कि ई.बसों में छात्र बस पास तुरंत प्रभाव से पूरी तरह मान्य किए जाएं। चालकों व परिचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं और आदेशों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई हो।

## राम नाम जप से जीवन होता है सार्थक

- कथा श्रवण से मन को शांति और स्थिरता मिलती है

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत


पानीपत। श्री राम कथा सत्संग का शुभारंभ करते हुए स्वामी दयानंद सरस्वती व अन्य।

सनौली रोड स्थित श्री लक्ष्मी नारायण गणेश मंदिर के 57वें वार्षिकोत्सव पर तीन दिवसीय श्री राम कथा सत्संग का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि अशोक रेवड़ी और रमेश माटा ने ध्वजारोहण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कथा में स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने राम नाम की महिमा बताते हुए कहा कि राम नाम का स्मरण जीवन को सार्थक बनाता है और व्यक्ति को सत्य व सद्गुणों के मार्ग पर ले जाता है। उन्होंने रामायण को सत चित आनंद का स्वरूप बताते हुए कथा श्रवण से मन की शांति और स्थिरता प्राप्त होने की बात कही। कार्यक्रम में मंच संचालन कैलाश नारंग ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर प्रधान किशन लखीना, राजेन्द्र टुटेजा, पंकज नारंग, सुषांत सेठी, गुलशन लखीना, राजेश लखीना, राम नारायण तनेजा, तिलक राज सेठी, मोहित नारंग, शशांक नारंग, रिषभ सेठी, योगेश बांगा व सतीश जुनेजा आदि उपस्थित रहे।

# हर नागरिक को दिलाएंगे न्याय का अधिकार

- मेगा लीगल सर्विसेज कैंप बना जनसेवा का महाकुंभ, बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। उत्कृष्ट कार्य करने वाली अधिकारी को सम्मानित करतीं अतिथि व आयोजक। फोटोः हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा जिला न्यायालय परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आज मेगा लीगल सर्विसेज कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डीएलएसए चेयरपर्सन वाणी गोपाल शर्मा ने की। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डीएलएसए चेयरपर्सन वाणी गोपाल शर्मा ने कहा कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। कोई भी नागरिक आर्थिक, सामाजिक या अन्य किसी कारण से न्याय से वंचित न रहे, यही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य है। इस तरह के मेगा लीगल सर्विसेज कैंप इसी सोच का परिणाम हैं, जहां लोगों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाए बिना एक ही स्थान पर कानूनी सहायता और सरकारी सेवाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है। प्रदर्शनी में स्वास्थ्य, नशा मुक्ति और पशु स्वास्थ्य पर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### ये रहे मौजूद

इसके अलावा रेडक्रॉस सोसायटी की प्रोजेक्ट अधिकारी सुदेश, पशुपालन विभाग के डॉ.अशोक लोहान ने अपने विभाग की जानकारी दी। वहीं विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर संदीप सिंह (अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश), हिमांशु (एडीजे), यासमीन (अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी), डीईओ राकेश बूरा सहित अनेक न्यायिक अधिकारी, विभागीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नए योग शिक्षक किए जा रहे तैयारः शीशपाल


पानीपत। योग करने वालों के साथ योग शिक्षक बलवान व अन्य ।

**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अंतर्गत जिले में चल रहे योग शिविरों की श्रृंखला में तहसील प्रभारी बलवान ने दत्ता कॉलोनी रोगानुसार पांच दिवसीय योग शिविर में योग कराया। बलवान ने बताया कि इस प्रकार के शिविर पानीपत तहसील में जगह.जगह पर लगाए जा रहे हैं और लोगों को योग के बारे में जानकारी दी रही है और काफी संख्या में लोग इससे जुड़े भी रहे हैं और इसका फायदा उठा रहे हैं। भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी शीशपाल ने बताया कि हमारे नए सहयोग शिक्षक भी तैयार हो रहे हैं। उनको और योग कक्षाओं में ट्रेनिंग दी जाएगी और अलग.अलग पार्कों एवं अन्य स्थानों पर नई योग कक्षा स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा, तनु भारद्वाज, वंशिका, ममता व राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय संस्कृति के प्रति किया जागरूक

- डॉ. अनुपम अरोड़ा ने बच्चों को संस्कार एवं सनातन धर्म की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। शिविर के दूसरे दिन सीमा बब्बर को सम्मानित करते आयोजक।

श्री राम सेवा दल नूरवाला द्वारा श्रीराम धर्मशाला में तृतीय निःशुल्क बाल संस्कार चेतना शिविर अभिनन्दन समारोह के दूसरे दिन मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री के भाई हरपाल ढांडा। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में एसडी कालेज के प्राचार्य डा.अनुपम अरोड़ा एवं जियो गीता महिला मंडल की प्रधान सीमा बब्बर रही। शिविर में हाजी गुरू साधन बच्चों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंची। डा.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि भारतीय संस्कृति, संस्कारों एवं सनातन धर्म के प्रति बच्चों को जागरूक किया। वहीं उन्होंने पूजा अर्चना करने का महत्व भी बच्चों को समझाया। वहीं प.आत्म प्रकाश वशिष्ठ ने पूजा अर्चना कराई। शिविर के चेयरमैन भूषण मदान ने बताया कि दस दिवसीय शिविर में बच्चों को पर्यावरण जागरूकता, खेल एवं मेंहदी आर्ट एण्ड क्राफ्ट सिखने के भी अवसर मिल रहे हैं। श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, यूथ विंग के प्रधान बंटी पुनानी व महिला विंग की प्रधान पायल वधवा के अलावा तिलक राज छोकरा, राम स्वरूप चावला, गौरव छोकरा, सुंदर लाल वधवा, अविनाश पुनानी, राकेश आंनद, दीपक वधवा, प्रिंस सोनी, गगन आनंद, प्रिंस मोंगिया, मनोज चुघ, राजन, काजल आंनद, शालू वधवा, गीतांजली आंनद, हिमानी खुराना, प्रीति वधवा, दामिनी दूमड़ा, शिल्पा, बिंदिया, गीतू सचदेवा व डिंपल आंनद मौजूद रहे।

## भागवत कथा में बताया प्रभु की भक्ति का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत


पानीपत। कथा करते स्वामी ब्रह्मस्वरूपा नंद जी महाराज।

पुरुषोतम माह में मानव चेतना केंद्र ऋषिकेश से पधारे स्वामी ब्रह्मस्वरूपा नंद जी महाराज ने आज श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन गुज्जर भवन सेक्टर 24 के सभागार में कथा करते हुए कहा कि सत्संग, हवन यज्ञ प्रभु की कृपा व प्रेरणा से ही हो पाते हैं। श्रीमद भागवत जीवन में धर्ममय प्रेरणा व सद्कार्यों को धारण करने के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने पुरुषोत्तम मास की महत्ता का गुणगान किया और कहा कि यह माह धर्मकार्यों के प्रति सर्वोतम है। इसलिए इस मास को अधिक मास, मलमास, पुरुषोत्तम मास और कृष्णप्रिय वल्लभ मास की संज्ञा दी गई है। वहीं कथा के शुभारंभ से कलश शोभायात्रा निकाली गई। कथा परीक्षित व मुख्य यजमान के रूप में आरडब्लूए सेक्टर 24 प्रधान नरेंद्र सिंह चौहान ने सपरिवार श्री भागवत ग्रंथ जी का पूजन किया। मुख्य सेवा सहयोग जनसेवा दल द्वारा किया जा रहा है। महासचिव चमन गुलाटी जी ने बताया कि भागवत कथा समारोह 2 से 8 जून तक सायं 3 से साढ़े 6 बजे तक होगा।

# बिंझौल समर कैंप में शिक्षक हरिओम ने बच्चों को दिखाया विश्व मानचित्र

- बच्चों को बाजार और स्कूल में बातचीत करने के तौर तरीके की विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत


पानीपत। शिक्षक हरिओम बच्चों को विश्व मानचित्र दिखाते हुए। फोटोः हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति पाठशाला बिंझौल में समर कैंप के दूसरे दिन समर कैंप लैटर के अनुसार शिक्षक हरिओम ने बच्चों संग मिलकर सभी गतिविधियों को करवाया। जिसमें सुबह सुबह बच्चों संग मिलकर प्रार्थना सभा करवाई गई।

शिक्षक हरिओम ने बच्चों को आज समर कैंप में गलोब से विश्व मानचित्र को समझाया। बच्चों को बाजार और स्कूल में बातचीत करने का अच्छा ढंग और समाज में होने वाली घटनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिक्षक हरिओम ने बताया कि समर कैंप में रोजाना अलग अलग गतिविधियों को करवाया जाता है। शिक्षक हरिओम ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाई और फ्रूटी पिलाई।

**उपलब्धि** जापान के आइची प्रांत व नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच होगी स्पर्धा

# पानीपत के नौल्था गांव के सागर जागलान ने 2026 एशियन गेम्स के लिए किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत


सागर जागलान।

- चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन का सागर को मिला इनाम

जिले के गांव नौल्था के प्रतिभाशाली खिलाड़ी सागर जागलान ने 2026 एशियन गेम्स के लिए क्वालीफाई कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता जापान के आइची प्रांत और नागोया शहर में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। एशियन गेम्स के लिए हुए चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए सागर ने अपनी जगह पक्की की। सागर जागलान वर्तमान में पंजाब के कपूरथला स्थित रेलवे कोच फैक्ट्री आरसीएफ में सीनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ वह पत्राचार माध्यम से बीए अंतिम वर्ष की पढ़ाई भी कर रहे हैं। उनकी स्कूली शिक्षा बारहवीं कक्षा तक सोनीपत में हुई, जबकि स्नातक के प्रथम और द्वितीय वर्ष की पढ़ाई उन्होंने इसराना के राजकीय महाविद्यालय से पूरी की। सागर के चाचा जयपाल जागलान के अनुसार उनके पिता नौकरी के कारण लंबे समय तक गांव से बाहर रहे, लेकिन उन्होंने अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार देकर सफलता की राह पर अग्रसर किया। सागर के छोटे भाई दीपक भी चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

### उपलब्धियों से भरा है खेल का सफर

सागर जागलान का खेल करियर अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियों से सजा हुआ है। उन्होंने अब तक विश्व स्तर पर चार रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। वर्ष 2017.18 में आयोजित 63वें नेशनल गेम्स में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद 2019 में अंडर.15 एशियन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया। जुलाई 2021 में आयोजित सब.जूनियर विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने रजत पदक अपने नाम किया। वर्ष 2022 में दिल्ली में हुई सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जुलाई 2023 में जॉर्डन में आयोजित अंडर.20 विश्व चैंपियनशिप में सागर ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा 2022 और 2023 की ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भी उन्होंने गोल्ड मेडल हासिल किए। फरवरी 2023 में जॉर्डन में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के बाद फरवरी 2024 में सीनियर नेशनल और विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम कर उन्होंने अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखा।

## खबर संक्षेप

### 5 से शुरू होगा तीन दिवसीय समर कैंप

**अंबाला।** अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम में 8 से 15 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय डिवाइन किड्स समर कैंप का आयोजन 5 से 7 जून तक समय सुबह 8 से 11 बजे तक किया जा रहा हैं। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने बताया यह कैंप बिल्कुल निशुल्क हैं। इसका हिस्सा बनने के लिए रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं। दीदी ने बताया इस कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मूल्यनिष्ठ बातें सिखा उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ाकर उनका भविष्य निखारना है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पर हुई बैठक

**नारायणगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र के सुपरवाइजरों की एक प्रशिक्षण बैठक स्थानीय हॉल में आयोजित की गई। यह बैठक 03-नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित की गई।

बैठक में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पंचकूला पहुंचेंगे उचाना से भारी संख्या में लोग

**उचाना।** भाजपा नेता पं. दीपक बुडायन ने बताया कि पंचकूला में भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता कार्यभार 3 जून को संभालेंगी। कार्यक्रम में उचाना हलके से भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। डॉ. अर्चना गुप्ता महामंत्री के तौर पर संगठन के लिए कार्य कर रही थी। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए हरियाणा में 43 साल के बाद महिला अध्यक्ष बनाई गई है।

### चौ. भजनलाल को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे समर्थक : पंकज

**उचाना।** भाजपा नेता पंकज कापड़ो ने कहा कि 3 जून को पूर्व सीएम स्व. चौ. भजनलाल की 15वीं पुण्य तिथि पर आदमपुर में प्रदेश सहित आस-पास के राज्य से लोग पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रदेश के सीएम रहते हुए हर वर्ग के लिए कार्य किया। 2009 से वो सांसद हिसार लोकसभा से बने। उचाना हलके में भी वो सांसद बनने के बाद आते थे। उचाना के लोगों का लगाव शुरू से ही चौ. भजनलाल के साथ रहा है। जो उचाना में बस स्टैंड, सबसे पहले 30 बैड का अस्पताल बना उनका उदघाटन अपने कार्यकाल के दौरान चौ. भजनलाल ने किया था।

### कॉलेज में दाखिले के लिए 15 तक आवेदन

**जुलाना।** शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय कालेज में अब छात्र दाखिले के लिए 15 जून तक आवेदन कर सकेंगे। प्राचार्य डा. शमशेर सिंह ने बताया कि कॉलेज में सत्र 2026-27 के लिए प्रथम वर्ष के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ा कर 15 जून 2026 कर दिया गया है।

## जनता को तहसीलों और पोर्टल से दी जाए वैध और अवैध की जानकारी

# अवैध कॉलोनियों का जंजाल: रजिस्ट्री के बावजूद फंस रहे लोग, जिम्मेदार कौन

प्रशासन जनता को जागरूक करने के लिए समाचार पत्रों, सोशल मीडिया व जनसभाओं के माध्यम से चला सकता हैं प्रचार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

इन दिनों अवैध कॉलोनियों का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। मगर हैरानी की बात यह है कि कई मामलों में इन कॉलोनियों में प्लॉटों की खरीद-फरोख्त और रजिस्ट्री तक हो जाती है, जिसके कारण आम नागरिक यह मान लेते हैं कि कॉलोनी पूरी तरह वैध है। लेकिन बाद में जब मूलभूत सुविधाओं, नक्शा पास कराने या निर्माण संबंधी अनुमति का सवाल आता है, तब लोगों को पता चलता है कि जिस कॉलोनी में उन्होंने जीवनभर की कमाई लगाई है, वह अवैध घोषित है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि कोई कॉलोनी अवैध है तो उसकी जानकारी संबंधित विभागों के पास अवश्य होगी। ऐसे में आम आदमी को यह जानकारी आसानी से क्यों नहीं मिल पाती? अधिकांश खरीदार यह मानकर प्लॉट खरीद लेते हैं कि रजिस्ट्री हो रही है तो सब कुछ कानूनी होगा। कई बार लोगों को वर्षों बाद पता चलता है कि कॉलोनी को विभागीय मंजूरी ही प्राप्त नहीं है। जानकर लोगों का कहना है कि रजिस्ट्री होने का अर्थ हमेशा यह नहीं होता कि कॉलोनी वैध है। रजिस्ट्री केवल जमीन के स्वामित्व के हस्तांतरण का दस्तावेज हो सकती है, जबकि कॉलोनी की वैधता नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग अथवा संबंधित विकास प्राधिकरण की मंजूरी पर निर्भर करती है। इस कानूनी अंतर की जानकारी अधिकांश लोगों को नहीं होती, जिसका फायदा कॉलोनी काटने वाले लोग उठाते हैं। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, नगरपालिका, तहसील कार्यालय से लिखित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यदि किसी कॉलोनी की वैधता पर संदेह हो तो आरटीआई के माध्यम से भी जानकारी हासिल की जा सकती है। पारदर्शिता और जनजागरूकता ही इस समस्या का सबसे प्रभावी समाधान है। जब तक वैध और अवैध कॉलोनियों की जानकारी जनता तक सरल और स्पष्ट रूप से नहीं पहुंचेगी, तब तक लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवाने के जोखिम में बने रहेंगे। अब जरूरत इस बात की है कि सरकार, प्रशासन और आम नागरिक मिलकर इस समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएं।



बराड़ा। तहसील कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### कॉलोनियों की सूची हो सार्वजनिक

बड़ा सवाल यह भी है कि यदि सरकार और प्रशासन के पास वैध एवं अवैध कॉलोनियों का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध है तो तहसील कार्यालयों में इसकी सूची सार्वजनिक रूप से क्यों नहीं लगाई जाती। तहसील, नगरपालिका कार्यालय और पंचायत कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर स्वीकृत तथा अवैध कॉलोनियों की अपडेट सूची प्रदर्शित की जा सकती है। इसके अलावा सरकार एक ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल एप भी विकसित कर सकती है, जहां कोई भी व्यक्ति खसरा नंबर, गांव या कॉलोनी का नाम डालकर उसकी वैधता की जानकारी प्राप्त कर सके।

### अवैध कॉलोनी तो रजिस्ट्री कैसे हो रही है?

लोगों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि कोई कॉलोनी वास्तव में अवैध है तो उसके प्लॉटों की रजिस्ट्री तहसील कार्यालयों में कैसे हो रही है। रजिस्ट्री प्रक्रिया के दौरान सरकार निर्धारित स्टांप शुल्क और अन्य शुल्क भी वसूलती है। ऐसे में आम नागरिक स्वाभाविक रूप से यह मान लेता है कि जिस संपत्ति की सरकारी कार्यालय में रजिस्ट्री हो रही है, वह कानूनी रूप से मान्य होगी। यदि बाद में उसी कॉलोनी को अवैध बताया जाता है तो खरीदार खुद को ठगा हुआ महसूस करता है। क्या तसीलदार और तहसील में बैठे बाबूओं को भी नहीं पता कि कोनसी कालोनी वैध है और कौनसी अवैध। प्रशासन जनता को जागरूक करने के लिए समय-समय पर समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, पंचायतों और जनसभाओं के माध्यम से प्रचार अभियान चला सकता है। अवैध कॉलोनियों की सूची सार्वजनिक करने के साथ-साथ वहां चेतावनी बोर्ड भी लगाए जा सकते हैं, ताकि लोग निवेश करने से पहले सावधानी बरतें। वहीं नागरिकों को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी भी प्लॉट या संपत्ति को खरीदने से पहले संबंधित कॉलोनी की मंजूरी संबंधी दस्तावेज मांगने चाहिए।

## सुरजमुखी खरीद पर भड़के किसान, हाइवे किया जाम



अंबाला। नेशनल हाइवे पर जाम की स्थिति।

- जाम से अफसरों की सांस फूली, मुश्किल से किसानों को मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी की मोहड़ा अनाज मंडी में सूरजमुखी की नियमानुसार खरीद न होने से गुस्साए किसानों ने मंगलवार को अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग यानि जीटी रोड जाम कर दिया। हाइवे पर जाम लगने से दोनों लेन में ट्रैफिक जाम हो गया। इस दौरान यातायात पूरी तरह से चरमरा गई। इससे पहले सुरजमुखी खरीद को लेकर भारतीय किसान यूनियन (शहीद भगत सिंह) के बैनर तले एकजुट हुए किसान नेताओं और किसानों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अचानक लगे जाम के कारण राजमार्ग पर अंबाला की तरफ से आने वाले सैकड़ों वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे भीषण गर्मी में राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों का आरोप है कि मंडी में सूरजमुखी की फसल की खरीद नियमानुसार नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार को बारदाना न मिलने के कारण उन्होंने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया था लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो उन्हें मजबूरन सड़क पर उतरना पड़ा। पुलिस और प्रशासन के फूले हाथ-पांव राजमार्ग पर जाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे आला अधिकारियों ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारी लगातार किसान नेताओं को समझाने और जाम खुलवाने की कोशिशों में जुटे रहे लेकिन किसान अपनी मांग पर अड़े रहे। किसान नेता गुरमीत सिंह माजरी का कहना है कि जब तक मंडी में सूरजमुखी की सुचारू रूप से और नियमों के तहत खरीद शुरू नहीं होती और बारदाने की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक यह आंदोलन और जाम जारी रहेगा।

## ऑटो में कार की टक्कर, सवारियां हुई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

दोसड़का बराड़ा रोड़ पर रेस्ट हाउस सिरसगढ़ के पास एक तेज रफ्तार किया कार ने सवारियों से भरे ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी । हादसा इतना जबरदस्त था कि ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढो में गिर गया। वहीं किया कार भी इतनी तेज रफ्तार में थी की वो अनियंत्रित होकर सड़क की दूसरी ओर जा पलटी । हादसा सोमवार रात करीब 8:30 बजे घटित हुआ । हादसे में एक परिवार की तीन महिलाओं सहित अन्य सवारियां भी घायल हुई है। हादसे के समय मौके पर अफरा-तफरी का माहौल था। राहगीरों ने घायलों को उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर मौके पर पंहुची पुलिस आगामी कार्रवाई में जूटी है। घायल रीतू शर्मा वासी दोसड़का ने बताया कि वह और उनकी देवरानी मोनिका शर्मा अमेरिका से दो दिन पहले ही आए है। और किसी काम से बराड़ा गए थे। उन्होंने बताया वह और उनके साथ उनकी दोनों देवरानी मोनिका शर्मा और पलकी शर्मा ऑटो में सवार होकर वापिस दोसड़का आ रहे थे। ऑटो में ऑटो चालक सहित 9 सवारियां सवार थी । जैसे ही ऑटो रेस्ट हाउस सिरसगढ़ के पास पंहुचे तो पीछे से एक तेज रफ्तार किया कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर लगते ही ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा । सभी सवारियां चिखने चिल्लाने लगी । कुछ सवरियां हादसे में बेहोश तक हो गई । वहीं तेज रफ्तार किया कार भी अनियंत्रित होकर सड़क की दुसरी तरफ गड्ढों में जा पलटी। राहगीरों ने घायल सवारियों को नजदीकी अस्पताल दाखिल कराया । हादसे में रीतू शर्मा सहित उनकी दोनों देवरानी पलकी शर्मा और मोनिका शर्मा घायल हो गई । जबकि आटो चालक सहित अन्य सवारियों को भी चोटें लगी है।



मुलाना। दुर्घटना के बाद पलटी कार फोटो : हरिभूमि

## मोबाइल फोन से दूरी, रिवीजन पर फोकस तब मिली जसलीन को जेईई में कामयाबी

- जेईई एडवांस में बाजी मारने वाले छात्रों ने बताया सफलता का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जेईई एडवांस के परिणाम में जिले के विद्यार्थियों ने न केवल उच्च रैंक हासिल कर जिले का नाम भी रोशन किया। इसमें अंबाला शहर से जसलीन और अंबाला कैंट के अंशुल ने अच्छी रैंक हासिल की है। इन मेधावियों ने परिणाम आने के बाद सफलता की कहानियां सांझा की हैं। उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी, रिवीजन पर विशेष ध्यान और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का गहन अभ्यास। किसी ने 12 से 13 घंटे की पढ़ाई को अपनी सफलता का मंत्र बताया, तो किसी ने कोचिंग के साथ-साथ सेल्फ-स्टडी और खुद को छोटे लक्ष्य देने को जीत की चाबी माना। अंबाला छावनी की डिफेंस कॉलोनी के अंशुल कुमार ने जेईई एडवांस परीक्षा में 5744 रैंक प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि वह 11वीं से ही इस परीक्षा की तैयारी में जुटे थे। आर्मी पब्लिक स्कूल से पढ़ाई और कोचिंग करने के बाद वह घर पर भी उतना ही ध्यान देते थे। उनके भाई कुनाल कुमार पहले से ही आईआईटी दिल्ली में पढ़ रहे हैं।



अंबाला। छात्रा जसलीन परिवार के साथ। फोटो : हरिभूमि



### जेईई एडवांस्ड 2026 के मेधावियों को किया सम्मानित

**अंबाला।** चंडीगढ़ के जेईई एडवांस्ड 2026 में क्वालीफाई हुए 35 छात्रों को मंगलवार को आकाश एजुकेशन, चंडीगढ़ सेंटर में सम्मानित किया गया।आकाश सेंटर के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में, ईशान गोयल ने 272 अंकों के साथ एआईआर 113 हासिल की । सार्थक गौतम ने 210 अंकों के साथ एआईआर 992, आरव सिंह एआईआर 2448 और 179 अंक, भरत मलिक एआईआर 2512 और 178 अंक और अर्शप्रीत सिंह ने एआईआर 2533 और 178 अंक प्राप्त किये । अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में अमितोज तुर्का एआईआर 3293, महित सिंगला एआईआर 4164, अजय प्रताप सिंह एआईआर 4500, अनमोल वर्मा एआईआर 4708 और समर सिंगला एआईआर 5243 शामिल हैं।छात्रों के अनुसार, उन्हें अपनी तैयारी के दौरान निरंतर मार्गदर्शन, शैक्षणिक सहायता और मेंटरशिप प्राप्त हुई। छात्रों ने कहा, अध्ययन सामग्री, कक्षा सत्र, मॉक टेस्ट और नियमित मूल्यांकन ने हमें अपनी अवधारणाओं को मजबूत करने और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद की।उन्होंने आगे कहा, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। छात्रों को बधाई देते हुए, डिप्टी रीजनल डायरेक्टर - आकाश एजुकेशनल, जसदीप सिंह बाबरा ने कहा, जेईई एडवांस्ड 2026 में अपने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हमें बेहद गर्व है।

## केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाए कार्यकर्ता : विवेक

- भाजपा की "बारह साल बेमिसाल" अभियान पर हुई संगठनात्मक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भाजपा द्वारा भाजपा जिला कार्यालय अंब कमल में "बारह साल बेमिसाल" अभियान के संचालन को लेकर संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठनात्मक गतिविधियों तथा केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री विवेक गुप्ता एवं कर्मचंद सैनी (गोल्डी) ने की। इस अवसर पर जिला प्रभारी एवं हरियाणा सरकार में चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर तथा भाजपा प्रदेश सचिव राहुल राणा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिला प्रभारी धर्मवीर मिर्जापुर ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं।



अंबाला। मीटिंग में मौजूद भाजपा के नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता से मिले असीम गोयल

अंबाला। भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता से पूर्व मंत्री असीम गोयल ने उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर असीम गोयल ने डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मिली नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा उनके सफल एवं प्रभावी कार्यकाल की कामना की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठन की मजबूती, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। असीम गोयल ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी तथा पार्टी प्रदेश में और अधिक मजबूत होकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि गुप्ता एक अनुभवी, समर्पित एवं कर्मठ नेतृत्वकर्ता हैं। उसकी संगठनात्मक क्षमता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता भाजपा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके नेतृत्व में कार्य करने की नई प्रेरणा मिलेगी और संगठन को मजबूती प्रदान होगी।



### छावनी में सफाई बेहाल, निरीक्षक को हटाने की मांग

**अंबाला।** नगर परिषद के अधीन छावनी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। इससे नाराज नप सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। सदस्यों ने नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर को शिकायती पत्र सौंपकर सफाई निरीक्षक (एसआई) गौरव के खिलाफ आरोप लगाए है। उन्हें तुरंत पद से हटाने की मांग की है।

यह शिकायत पत्र आधिकारिक तौर पर दर्ज कराया गया है। सदस्यों का आरोप है कि शहर में सफाई कर्मचारी अपनी मर्जी से काम कर रहे हैं। वे न तो समय पर आते हैं और ड्यूटी का समय खत्म होने से पहले ही गायब हो जाते हैं। जब इस बदहाली को लेकर सफाई निरीक्षक गौरव से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कई सदस्यों के साथ फोन पर बदतमीजी की। सदस्यों ने कार्यकारी अधिकारी (ईओ) की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। अध्यक्षा को सौंपे गए इस पत्र पर वार्ड 24 से महेश, वार्ड नंबर 13 से रितु शर्मा, वार्ड नंबर 18 से शमशेर अत्री और वार्ड नंबर 4 से शिल्पा सहित करीब एक दर्जन से अधिक वार्डों के सदस्यों ने हस्ताक्षर कर निरीक्षक पर कार्रवाइ्र करने की मांग की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## एसडीएम ने बीएलओ के साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिए निर्देश

# घर-घर जाकर सर्वे करेंगे बीएलओ, अपात्र मतदाताओं के हटेंगे नाम

दावे व आपत्तियों के बाद जारी होगी अंतिम मतदाता सूची,22 सिंतबर को होगा अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य शुरू किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा अपात्र नामों को हटाकर मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना है। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी शिवजीत भारती मंगलवार को अपने कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। इस अवसर पर चुनाव तहसीलदार गुलशन शर्मा व एईआरओ एवं बीडीपीओ जोगेश कुमार ने भी पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रक्रिया एवं विभिन्न चरणों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल अपने बूथ लेवल एजेंटों को निर्देश दें कि वे पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ का पूरा सहयोग करें ताकि मतदाता सूची का कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके। उन्होंने बताया कि 15 से 14 जुलाई 2026 तक घर-घर सर्वे के दौरान बीएलओ प्रत्येक मतदाता को एन्यूमरेशन फार्म की दो प्रतियां उपलब्ध करवाएंगे। मतदाता द्वारा स्वयं हस्ताक्षरित फार्म बीएलओ को सौंपना होगा। मतदाता चाहें तो हस्ताक्षरित फार्म सीधे निर्वाचक पंजीयन अधिकारी कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में भी जमा करवा सकते हैं। केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे जिनके स्वयं हस्ताक्षरित फार्म प्राप्त होंगे।



शहजादपुर। मतदाता सूचियों की जानकारी देती एसडीएम।

### 21 जुलाई को होगा मतदाता सूची का प्रकाशन

भारती ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की अर्हता तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। पुनरीक्षण अभियान की तैयारी, प्रशिक्षण एवं प्रिटिंग का कार्य 5 से 14 जून 2026 तक किया जाएगा। इसके पश्चात 15 से 14 जुलाई 2026 तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। मतदान केंद्रों का रेशलाइजेशन 14 जुलाई 2026 तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। दावे तथा आपत्तियों के निपटान का नोटिस फेस 21 जुलाई 2026 से 18 सितंबर 2026 तथा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को होगा। एसडीएम शिवजीत भारती ने सभी राजनीतिक दलों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट शीघ्र नियुक्त कर उनके प्रोफार्मा चुनाव कार्यालय में जमा करवाने का आग्रह किया।